Title: Regarding need to provide more railway facilities to the people of Banaskantha Parliamentary Constituency, Gujarat − Laid.

श्री हरिभाई चौधरी (बनासकांठा): मैं सदन का ध्यान दिल्ली अहमदाबाद स्वर्ण जयन्ती राजधानी के रेल सेवा के बारे में दिलाना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा में लोगों ने इस रेल सेवा को दिल्ली से अहमदाबाद शुक्रवार एवं अहमदाबाद से दिलली रविवार को चलाने की मांग की है क्योंकि इन दोनों दिनों में उक्त रेल सेवा की अत्यंत मांग होती है, साथ ही साथ इस रेल सेवा का पालनपुर में स्टापेज बनाया जाये। दूसरी मांग है कि ओखा से देहरादून चलने वाली रेल सेवा में मेरे संसदीय क्षेत्र के आसपास के क्षेत्रों के तीर्थयात्री हरिद्वार जाते हैं। इस ट्रेन का स्टापेज पालनपुर न होने के कारण मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों को हरिद्वार जाने में दिक्कत होती है। अगर मेरे क्षेत्र में दो मिनट का स्टापेज बना दिया जाये तो लोगों को तीर्थ करने में सुविधा होगी। इस रेल सेवा को दो मिनट तक रोका जा सकता है क्योंकि यह पालनपुर अपने निर्धारित समय से 15 मिनट पहले पहुंच जाती है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि इस राजधानी की सेवा लोगों की मांग के अनुरूप बदल जाए और ओखा देहरादून रेल सेवा का स्टापेज पालनपुर दो मिनट रखा जाए।

(इति)